प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्या– 1970 / तेरह–आ0प्र0प्राधि0 / विविध–2020–21 दिनांक–08 मार्च, 2021।

विषय– **गौमुख क्षेत्रान्तर्गत गंगोत्री हिमनद (ग्लेशियर) की निगरानी के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 1082 / DMMC / XIV–587(201) दिनांक 17 फरवरी, 2021 के द्वारा अवगत कराया गया है कि गौमुख ग्लेशियर के आस–पास सम्भावित कृत्रिम झील बनने की सम्भावना के दृष्टिगत उक्त क्षेत्र की निगरानी का उत्तरदायित्व उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के द्वारा वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान, देहरादून को दिया गया है। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि संस्थान के वैज्ञानिकों को गौमुख ग्लेशियर के आस–पास सम्भावित कृत्रिक झील की निगरानी हेतु गंगोत्री नेशनल पार्क में प्रवेश तथ निगरानी हेतु यंत्रो की स्थापना की अनुमति तथा वॉछित सहयोग प्रदान किये जाने हेतु सम्बन्धितों का निर्देशित किया जाय।

उक्त के सम्बन्ध में संस्थान के वैज्ञानिकों को नेशनल पार्क में प्रवेश की अनुमति / सहयोग आदि हेतु उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी को पत्र संख्या 1935 / तेरह–आ0प्र0प्राधि0 / विविध–2020–21 दिनांक दिनांक 23 फरवरी, 2021 के द्वारा निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में उप निदेशक गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के द्वारा पत्र संख्या 962 / 15–1 दिनांक 24 फरवरी, 2021 (संलग्न) के माध्यम से अवगत कराया गया है कि पार्क के अन्दर किसी भी संयत्र की स्थापना हेतु मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून से अनुमति प्रदान की जाती है तथा इस सम्बन्ध में उनके द्वारा अपने स्तर से भी मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून को अवगत कराया गया है।

अतः अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध में मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून से शासन स्तर से पत्राचार करने का कष्ट करें।

*संलग्नक–यथोपरि।*

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।
8/3/2021

CamScanner

# कार्यालय–जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

संख्या– 1935 /तेरह– आ0प्र0प्राधि0/विविध–2020–21 दिनांक 23 फरवरी, 2021

सेवा में,

उप निदेशक,
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री।
कोटबंगला, उत्तरकाशी।

**विषयः–** **गौमुख क्षेत्रान्तर्गत गंगोत्री हिमनद (ग्लेशियर) की निगरानी के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के संलग्न पत्र संख्या–1082/डी0एम0एम0सी0/XIV-587(2017) दिनांक 17.02.2021 के द्वारा अवगत कराया गया है कि गौमुख ग्लेशियर के आस–पास सम्भावित कृत्रिम झील बनने की सम्भावना के दृष्टिगत उक्त क्षेत्र की निगरानी का उत्तरदायित्व उत्तराखण्ड आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के द्वारा वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, देहरादून को दिया गया है। उक्त के दृष्टिगत वाडिया हिमालय भूविज्ञान, देहरादून के वैज्ञानिकों को गौमुख ग्लेशियर की निगरानी हेतु गंगोत्री नेशनल पार्क में प्रवेश तथा निगरानी हेतु यंत्रों की स्थापना की अनुमति तथा वांछित सहयोग/सहायता उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः वाडिया हिमालय भूविज्ञान, देहरादून के वैज्ञानिकों को गौमुख ग्लेशियर की निगरानी हेतु गंगोत्री नेशनल पार्क में प्रवेश तथा निगरानी हेतु यंत्रों की स्थापना की अनुमति प्रदान करते हुये यथा आवश्यक सहायेग प्रदान करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि**

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** उप जिलाधिकारी, भटवाडी को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CamScanner